प्रसार साहित्य : 2018/02

### शरदकालीन गन्ने के साथ सह फसल

| सह फसल | गन्ना के दो पंक्तियों के मध्य सह फसल की पंक्ति | सह फसल का बीज दर (प्रति एकड़) | सह फसल की उपज (कुन्तल/एकड़) |
|---|---|---|---|
| आलू | 2 | 8 कुन्तल | 100-125 |
| प्याज | 2 | 3 किलोग्राम | 80-100 |
| लहसून | 3 | 180 किलोग्राम (जवा) | 25-30 |
| राजमा | 2 | 30 किलोग्राम | 6-7 |
| सरसों | 2 | 2 किलोग्राम | 6 |
| तोरिया | 2 | 2 किलोग्राम | 4-5 |
| फूलगोभी | 1 | 200 ग्राम | 100-110 |
| बन्दगोभी | 1 | 200 ग्राम | 80-100 |
| मक्का | 1 | 8 किलोग्राम | 30000-35000 (हरा भुट्टा) |

### बसंतकालीन गन्ने के साथ सह फसल

| सह फसल | गन्ना के दो पंक्तियों के मध्य सह फसल की पंक्ति | सह फसल का बीज दर (प्रति एकड़) | सह फसल की उपज (कुन्तल/एकड़) |
|---|---|---|---|
| मूँग | 2 | 8 किलोग्राम | 2-2.5 |
| उड़द | 2 | 8 किलोग्राम | 2-2.5 |
| लोबिया | 2 | 8 किलोग्राम | 12 (हरी फली) |

## गन्ना के साथ सहफसली खेती के लाभ

- फसल/उत्पाद विविधीकरण से कृषकों के बहुउद्देशीय आवश्यकताओं की पूर्ति होती है।
- अन्तःफसल की आय से गन्ने की फसल का सुचारू रूप से प्रबन्ध किया जा सकता है।
- परिवार के सदस्यों के लिए नियमित रूप से रोजगार की व्यवस्था होती है जिससे सीमांत कृषकों की सामाजिक व आर्थिक स्थिति में सुधार होता है।
- इस पद्धति से दलहनी एवं तिलहनी फसलों को अधिक उत्पादकता वाले क्षेत्रों में लगाया जा सकता है जो कि सामान्यतः कम उत्पादकता वाले भूमि में ही लगायी जाती है।
- फसल अवशेष का मृदा में पुर्नचक्र से मृदरा की उर्वरता बनी रहती है। इन सबसे उत्पादन पद्धति लाभकारी व टिकाऊ होती है।
- गन्ने के साथ सहफसली खेती गन्ना किसानों की आय दोगुनी करने का प्रमुख आयाम है।







**प्रकाशक :**
डा. ए.डी. पाठक, निदेशक
**संपादन :**
डा. ए.के. साह, प्रधान वैज्ञानिक व प्रभारी, प्रसार एवं प्रशिक्षण इकाई
**संकलन सहयोग :**
डॉ. अनिल कुमार सिंह

**भकृअनुप-भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान**
**रायबरेली रोड, दिलकुशा पोस्ट, लखनऊ- 226002 (यू.पी.)**
दूरभाष : 0522-2480726, फैक्स : 0522-2480738
ई.मेल- director.sugarcane@icar.gov.in, training.iisr@icar.gov.in

# गन्ने के साथ सहफसली खेती



**प्रस्तुति**

भाकृअनुप ICAR

भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ ISO 9001 : 2015

**भाकृअनुप-भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान**
**रायबरेली रोड, दिलकुशा पोस्ट**
**लखनऊ**

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

हर कदम, हर डगर किसानों का हमसफर
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
Agrisearch with a human touch

## शरदकालीन गन्ने के साथ सह फसल
## (Intercropping with autumn cane)

### गन्ना + आलू

- 90 सेंटीमीटर की दूरी पर गन्ना (बीज दर : 6 टन/हे०) तथा बीच में आलू (बीज दर – 20 कु० /हे०) की दो पंक्तियां 30-30 सेंटीमीटर की दूरी पर बोयें।
- गन्ने के लिए नाइट्रोजन : फॉस्फोरस : पोटाश का क्रमशः 150 : 60 : 60 किग्रा०/हे० तथा आलू के लिए 120 : 80 : 100 किग्रा०/हे० का प्रयोग करें।
- उत्पादकताः आलू – 275 कु०/हे० तथा गन्ना – 92 टन/हे०।
- लाभः लागत अनुपात – 1.68।



### गन्ना + सरसों

- 90 सेंटीमीटर की दूरी पर गन्ना (बीजदर : 6 टन/हे.) तथा बीच में सरसों (बीजदर : 4 किग्रा/हे.) की दो पंक्तियाँ 30 : 30 सेंटीमीटर की दूरी पर बोयें।
- गन्ने के लिए नाइट्रोजन : फास्फोरस : पोटाश क्रमशः 150 : 60 : 60 किग्रा/हे. तथा सरसों के लिये 60 : 40 : 30 किग्रा./हे. का प्रयोग करें।
- उत्पादकताः गन्ना – 75 टन/हे. तथा सरसो – 15 कु./हे.।
- लाभः लागत अनुपात – 1.59।



## शरदकालीन गन्ने के साथ सह फसल
## (Intercropping with autumn cane)

### गन्ना + मसूर

- 90 सेंटीमीटर की दूरी पर गन्ना (बीज दर : 6 टन/हे०) तथा बीच में मसूर (बीज दर – 20 किग्रा०/हे०) की दो पंक्तियां 30-30 सेंटीमीटर की दूरी पर बोयें।
- गन्ने के लिए नाइट्रोजन : फॉस्फोरस : पोटाश का क्रमशः 150 : 60 : 60 किग्रा०/हे० तथा मसूर के लिए 20 : 40 : 20 किग्रा०/हे० का प्रयोग करें।
- उत्पादकताः मसूर – 12.0 कु०/हे० तथा गन्ना – 75.0 टन/हे०।
- लाभ लागत अनुपात – 1.65।



### गन्ना + राजमा

- बीज दर : गन्ना–60 कुन्तल/हेक्टेयर, राजमा–80 कि.ग्रा./हेक्टेयर।
- 1:2 पंक्ति अनुपात, गन्ने की बुवाई 90 से.मी. की दूरी पर तथा बीच में राजमा की दो पंक्तियाँ 30-30 से.मी. की दूरी पर।
- गन्ने के लिए नाइट्रोजन : फॉस्फोरस : पोटाश का क्रमशः 150:60:60 कि.ग्रा./हे. तथा राजमा के लिए 80:40:30 कि.ग्रा./हे. का प्रयोग।
- प्रणाली उत्पादकताः गन्ना – 85.0 टन/हेक्टेयर तथा राजमा – 18.0 कुन्तल/हेक्टेयर।
- लाभ – लागत अनुपातः 1.69।



## बसंतकालीन गन्ने के साथ सह फसल
## (Intercropping with spring cane)

### गन्ना + मूंग

- 75 सेंटीमीटर की दूरी पर गन्ना (बीज दर : 7.0 टन/हे०) तथा बीच में मूंग (बीज दर – 20 किग्रा०/हे०) की दो पंक्तियां 25-25 सेंटीमीटर की दूरी पर बोयें।
- गन्ने के लिए नाइट्रोजन : फॉस्फोरस : पोटाश का क्रमशः 150 : 60 : 60 किग्रा०/हे० तथा मूंग के लिए 18 : 46 : 00 किग्रा०/हे० का प्रयोग करें।
- उत्पादकताः मूंग – 7.0 कु०/हे० तथा गन्ना – 75.0 टन/हे०।
- लाभ लागत अनुपात – 1.66।



### गन्ना + लोबिया

- बीज दर : गन्ना – 7.0 टन/हे., लोबिया–20 कि.ग्रा./हेक्टेयर।
- 1:2 पंक्ति अनुपात, गन्ने की बुवाई 75 से.मी. की दूरी पर तथा बीच में लोबिया की दो पंक्तियाँ 25-25 से.मी. की दूरी पर।
- गन्ने के लिए नाइट्रोजन : फॉस्फोरस : पोटाश का क्रमशः 150:60:60 कि.ग्रा./हे. तथा लोबिया के लिए 18:46:00 कि.ग्रा./हे. का प्रयोग।
- प्रणाली उत्पादकताः गन्ना – 75.0 टन/हेक्टेयर तथा लोबिया – 29.0 (हरी फली) कुन्तल/हेक्टेयर।
- लाभ – लागत अनुपातः 1.65।

